भारत सरकार
पर्यटन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न सं. †130
सोमवार, 3 फरवरी, 2025/14 माघ, 1946 (शक)
को दिया जाने वाला उत्तर

कर्नाटक में एसएएससीआई योजना

†130. कैप्टन बृजेश चौटाः

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) कर्नाटक में विशेष रूप से दक्षिण कन्नड़ में पूंजी निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) योजना के तहत अनुमोदित या लागू परियोजनाओं का ब्यौरा क्या है;

(ख) एसएएससीआई योजना के तहत परियोजनाओं का प्रस्ताव करने के लिए राज्य सरकारों या स्थानीय प्राधिकारियों के लिए प्रक्रिया और पात्रता मानदंड का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का दक्षिण कन्नड़ में पर्यटन से संबंधित पूंजी अवसंरचना को बढ़ाने के लिए एसएएससीआई योजना के तहत अतिरिक्त धनराशि आवंटित करने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(घ) क्या कर्नाटक राज्य सरकार द्वारा एसएएससीआई योजना के तहत कोई नया प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया है और यदि हां, तो उनकी वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (घ): भारत सरकार ने अपनी 'पूंजीगत निवेश के लिए राज्यों को विशेष सहायता (एसएएससीआई) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों का विकास' योजना के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में देश में 3295.76 करोड़ रुपये की 40 परियोजनाओं को मंजूरी दी है, जिसका प्राथमिक उद्देश्य देश में प्रतिष्ठित पर्यटन केंद्रों को व्यापक रूप से विकसित करना, वैश्विक स्तर पर उनकी ब्रांडिंग और मार्केटिंग करना है। कर्नाटक राज्य में एसएएससीआई योजना के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

क्र. सं.	**परियोजनाओं का नाम**	**लागत (करोड़ रू. में)**
1	रोरिक एवं देविका रानी एस्टेट टाटागुनी, बेंगलुरु में इको पर्यटन और सांस्कृतिक हब	99.17
2	सवदत्ती यल्लममगुड्डा, बेलगावी का विकास	100.00

पर्यटन मंत्रालय ने परियोजना प्रस्तावों को प्रस्तुत करने के लिए सभी राज्यों को प्रचालनात्मक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। स्थान से संपर्क, पर्यटन ईको सिस्टम, वहन क्षमता, सततता उपाय, सतत प्रचालन और प्रबंधन, परियोजना प्रभाव और मूल्य सृजन, पर्यटन विपणन योजनाएं आदि जैसे दिए गए मापदंडों के आधार पर उनका मूल्यांकन किया गया था।

अब तक, इस योजना के तहत आगे कोई और प्रस्ताव परियोजनाओं पर विचार करने के लिए नहीं है।

****